आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 18.05.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून से चार अत्याधुनिक एम्बुलेंस का फ्लैग ऑफ किया। कहा– ये एम्बुलेंस जरूरतमंद लोगों तक त्वरित चिकित्सा सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।
- उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल के ''मेरू परिसर पटवाडांगर'' में अकादमिक भवनों का शिलान्यास किया।
- स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने हरिद्वार में चैनराय जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। साफ–सफाई और अन्य व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। तत्काल सुधार के निर्देश दिए।
- चमोली जिले में स्थित रुद्रनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए।

<u>मुख्यमंत्री/एम्बुलेंस</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से एचडीएफसी बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत जनहित के लिए प्रदान की गई चार अत्याधुनिक एम्बुलेंस का फ्लैग ऑफ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों में समय पर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा उपलब्ध कराई गईं ये एम्बुलेंस जरूरतमंद लोगों तक त्वरित चिकित्सा सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनभागीदारी और संस्थागत सहयोग के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि इन एम्बुलेंस में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं एवं आवश्यक आपातकालीन उपकरण उपलब्ध हैं, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। साथ ही आगामी तीन वर्षों तक प्रत्येक एम्बुलेंस में चिकित्सक, नर्स, अटेंडेंट और चालक की व्यवस्था भी बैंक द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। प्रारंभिक चरण में ये एम्बुलेंस चमोली, चंपावत, पिथौरागढ़ और रुद्रप्रयाग जिलों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी तथा भविष्य में राज्य के प्रमुख धार्मिक आयोजनों और आपदा प्रबंधन कार्यों में भी इनका उपयोग किया जाएगा।

<u>उच्च शिक्षा मंत्री</u>

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल के ''मेरू परिसर पटवाडांगर'' में अकादमिक भवनों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह निर्माण कार्य, क्षेत्र में उच्च

शिक्षा के विकास को नई दिशा प्रदान करेगा और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

पर्यटन मंत्री

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने आज बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही मंदिर परिसरों में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रही है। श्री महाराज ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि यात्रा में आने से पहले डॉक्टर की सलाह अवश्य लें और अपनी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार तैयारी करें। उन्होंने कहा कि ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, इसलिए आवश्यक दवाएं और उपकरण साथ रखें। पर्यटन मंत्री ने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने और स्थानीय प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह भी किया है।

एसआईआर बैठक

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में आज विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों के संपादन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों, प्रशिक्षण, डेटा संकलन और व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य मंत्री निरीक्षण

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने आज हरिद्वार में चैनराय जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में साफ–सफाई और अन्य व्यवस्थाओं की स्थिति संतोषजनक न मिलने पर उन्होंने नाराज़गी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने अधिकारियों को इसमें तत्काल सुधार के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अस्पतालों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

वनाग्नि/पिथौरागढ़

गर्मी बढ़ने के साथ ही पिथौरागढ़ जिले के जंगलों में एक बार फिर वनाग्नि की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। जिले के विभिन्न वन क्षेत्रों में वन विभाग की टीमें लगातार आग बुझाने में जुटी हुई हैं। स्थानीय ग्रामीण भी जंगलों की आग बुझाने में वन विभाग का सहयोग कर रहे है। चंडाक वन क्षेत्र के बडौली इलाके में कल रात लगी आग को नियंत्रित करने में स्थानीय ग्रामीणों ने भी वन विभाग का सक्रिय सहयोग किया। वन क्षेत्राधिकारी

दिनेश जोशी ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़े नुकसान को टाला जा सका। उन्होंने कहा कि आग बुझाने में सहयोग करने वाले ग्रामीणों को विभाग, सम्मानित करेगा। वहीं, प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह ने भी स्थानीय लोगों से जंगलों की आग काबू करने में विभाग का सहयोग करने की अपील की है।

रुद्रनाथ कपाट

चमोली जिले में स्थित पंच केदारों में चतुर्थ केदार भगवान रुद्रनाथ मंदिर के कपाट आज परम्परागत ढंग से पूजा–अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कपाट खुलते ही पूरा क्षेत्र "हर–हर महादेव" और "जय बाबा रुद्रनाथ" के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। रुद्रनाथ के पुजारी चंडी प्रसाद तिवारी ने बताया कि रुद्रनाथ मंदिर के कपाट ग्रीष्मकाल में छह महीने तक श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं।

ईंधन बचत जागरुकता

पौड़ी में ईंधन बचत और स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए आज "सुरक्षित ईंधन–सुरक्षित जीवन" अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने "नो व्हीकल डे" मनाते हुए अपने–अपने आवास से कार्यालय तक पैदल पहुंचकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। सिविल जज, नाज़िश कलीम ने कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण और ईंधन की खपत को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने कहा कि छोटे–छोटे प्रयास, जैसे कम दूरी के लिए पैदल चलना और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना, पर्यावरण संरक्षण में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने आमजन से स्वच्छ वातावरण और सुरक्षित भविष्य के लिए ऐसे अभियानों में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की।